an>

Title: Need to establish a special cell in Maharashtra to monitor the activities of ISIS network.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : अध्यक्ष महोदया, महाराÂष्ट्र के एटीसी ने परबनी से शाहिद खान नामक युवक को गिरफ्तार किया जिसने कबूल किया है कि वह आईएस से संबंधित है और मराठवाड़ा के समाजनगर, जालना, परबनी, हिंगोली और बीड जैसे स्थानों पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में था। पन्द्रह दिन पहले एटीएस ने परबनी से नासिर बीन वौस नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था जो आईएस का संदिग्ध था। इसके सुराग पर शाहिद खान को गिरफ्तार किया गया इसक पास से विस्फोटक भी बरामद हुए हैं। उसके पास बड़े-बड़े बम बनाने का काम चल रहा था। आतंकवादी संगठन आईएस की नजर महाराÂष्ट्र के नवयुवकों का आईएस में शामिल होने के लिए लालच देकर फंसाना है और किसी बड़ी आतंकवादी घटना को अंजाम देना है।

माननीय अध्यक्ष महोदया, आईएसआईएस संगठन मराठवाड़ा के खासकर संभाजी नगर और परभणी जिलों में अपनी जड़ें जमाना चाह रहा है। इसलिए मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि संभाजी नगर, औरंगाबाद, नान्देड़, परभणी, हिंगोली, हैदराबाद और नागपुर आदि शहरों पर नजर रखें और यहां पर कुछ ऐसा करना चाहिए, ताकि यह संगठन किसी आतंकवादी घटना को अंजाम न दे सके।

महोदया, संभाजी नगर और परभणी के लगभग 100 से 150 युवक, जो असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त रहे, वे लापता हैं। आशंका व्यक्त की जा रही है कि इन युवकों पर भी आईएसआईएस की नजर है। मेरा माननीय गृह मंत्री जी से निवेदन है कि इस संगठन की कार्रवाई महाराÂष्ट्र के मराठवाड़ा में बहुत बढ़ रही है, इसलिए इसे नजर-अंदाज न कर के इस संगठन के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

महोदया, महाराÂष्ट्र में 2 अगस्त, 2016 से श्रावण मास प्रारम्भ हो रहा है। मराठवाड़ा में तीन ज्योतिर्लिंग हैं। मेरे क्षेत्र में घृÂष्णेश्वर एलोरा, औंढ़ा नागनाथ हिंगोली में है और परली बैजनाथ है। इस प्रकार ये तीन ज्योतिर्लिंग हैं। इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने के लिए श्रावण मास में लाखों लोग आते हैं। इसी प्रकार से मेरे संसदीय क्षेत्र में भद्र मारुति का एक भव्य मंदिर है। वहां भी पांच-पांच और सात-सात लाख लोग इकट्ठे होकर दर्शनों के लिए आते हैं। मुझे ऐसा लगता है कि इस आतंकवादी संगठन ने इन मंदिरों को हिट करने के लिए प्लानिंग की है।

महोदया, मैं आदरणीय गृह मंत्री जी से आपके माध्यम से विनती करूंगा कि श्रावण के महीने में धार्मिक स्थलों की विशेÂष निगरानी रखी जाए, ताकि ये आतंकवादी वहां किसी प्रकार की घटना को अंजाम न दे सकें। इसके बाद पूरे महाराÂष्ट्र में गणेश जी का बहुत बड़ा उत्सव होने वाला है। इन सभी धार्मिक स्थलों पर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने हेतु इस आतंकवादी संगठन की कोशिश हो रही है। इसलिए मेरा निवेदन है कि उनके ऊपर पूरी नजर होना चाहिए और एवशन होना चाहिए।

महोदया, हमारे संभाजी नगर में एटीएस की स्थापना हो चुकी है, लेकिन अभी तक मराठवाड़ा के परभणी, हिंगोली, नान्देड़, बीड़ और जालना में इसकी स्थापना नहीं हुई है। इसलिए मेरा निवेदन है कि इन स्थानों पर भी एटीएस की स्थापना होनी चाहिए, क्योंकि हमारे मराठवाड़ा के युवक पिछले दिनों में इस आतंकवादी संगठन के बहकावे में आकर चले गए थे। आपके माध्यम से मैं पुनः एक बार माननीय गृह मंत्री जी से बहुत विनम्रता से विनती करता हूं कि मराठवाड़ा क्षेत्र में इस संगठन की गतिविधियों पर गम्भीरता से नजर रखी जाए, ताकि वह कहीं कोई आतंकवादी घटना को अंजाम न दे सके।

माननीय अध्यक्ष : मैं, सर्वश्री सी.पी. जोशी, रोड़मल नागर, सुधीर गुप्ता, भैरोंप्रसाद मिश्र, अरविंद सावंत, प्रो. रविन्द्र विश्वनाथ गायकवाड़, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, श्री शरद त्रिपाठी एवं कंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को माननीय सदस्य, श्री चन्द्रकान्त खैरे द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विÂषय से अपने को सम्बद्ध करने की अनुमति प्रदान करती हूं।